भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1174
उत्तर देने की तारीख : 23 मार्च, 2012

प्राइवेट स्कूल द्वारा दाखिले के लिए डोनेशन की मांग किया जाना

1174. श्री पीयूष गोयलः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि अनेक प्राइवेट स्कूलों को दाखिले के लिए डोनेशन की मांग करते हुए पाया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार दोषी पाये गये प्राइवेट स्कूलों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डा. डी. पुरंदेश्वरी)

(क) से (ड.): शिक्षा एक समवर्ती विषय है। यह राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार के लिए है कि यदि उनके नोटिस में ऐसी कोई शिकायतें आती हैं तो वे शिक्षा अधिनियम के तहत प्रचलित नियमावली के अनुसार समुचित कार्रवाई करें।

*****